भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

कार्तिक 08, शक संवत 1946
30 अक्टूबर 2024

प्रेस विज्ञप्ति
वर्ष 2022-23 संबंधी वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) प्रकाशन

परिचय

वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य उत्पादन, मूल्य संवर्धन, नियोजन, पूंजी निर्माण और अन्य मापदंडों के संदर्भ में विभिन्न विनिर्माण उद्योगों के संयोजन , विकास और संरचना में परिवर्तन की गतिशीलता के बारे में सार्थक अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। यह राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी को बहुमूल्य इनपुट प्रदान करता है। इसके परिणाम राज्य और प्रमुख उद्योग स्तर पर तैयार किये जाते हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (सां. और कार्य. कार्या. मंत्रा.) ने 30 सितंबर 2024 को एएसआई 2022-23 के रूप उल्लिखित अवधि अप्रैल 2022 से मार्च 2023 (अर्थात वित्तीय वर्ष 2022-23) संबंधी वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) के परिणाम प्रेस नोट और सात (07) वेबसाइट सारणियों के रूप में जारी किए हैं। एएसआई 2022-23 की सभी उक्त सारणियां आलेख सहित मंत्रालय की वेबसाइट (https://www.mospi.gov.in) पर उपलब्ध हैं।

एएसआई 2022-23 के विस्तृत प्रकाशन, अर्थात खंड I, खंड II, "कारखाना क्षेत्र का सारांश परिणाम" इकाई स्तर डाटा सहित अब प्रसार हेतु उपलब्ध हैं।

एएसआई प्रकाशन

एएसआई 2022-23 प्रकाशनों में कारखाना क्षेत्र के विस्तृत परिणाम दो खंडों में शामिल हैं। प्रकाशन के खंड I में पूंजी, नियोजन, परिलब्धियां और औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित कई अन्य आर्थिक मापदंड जैसे (i) कारखानों की संख्या, (ii) अचल/कार्यशील पूंजी, (iii) कुल इनपुट, (iv) कुल आउट्पुट, (v) अवमूल्यन, (vi) सकल वर्धित मूल्य, (vii) नियोजन ब्यौरा, (viii) ईंधन खपत ब्यौरा, आदि, के संबंध में आँकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। यह परिणाम अखिल भारतीय स्तर पर 2/3/4 अंकों के उद्योग-कोड वार [राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (एनआईसी), 2008] और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए एनआईसी-2008 के 2/3 अंकीय स्तर पर जारी किए गए हैं।

प्रकाशन के खंड II में अखिल भारतीय स्तर के साथ-साथ राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के स्तर पर प्रयुक्त सामग्री तथा उत्पादों और उपोत्पादों के कारखाना मूल्य का ब्यौरा दिया गया है। खंड II में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रयुक्त सामग्रियों के साथ-साथ विनिर्माण प्रतिष्ठानों द्वारा उत्पादित उत्पादों और उप-उत्पादों के बारे में 3-अंकीय उद्योग-कोड शामिल हैं। इन इनपुट/आउटपुट मदों को विनिर्माण क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय उत्पाद वर्गीकरण (एनपीसी-एमएस), 2011 (संशोधित) के अनुसार वर्गीकृत किया गया है।

जबकि खंड I को मंत्रालय की वेबसाइट (www.mospi.gov.in) पर अपलोड किया गया है, खंड II का प्रकाशन पेन ड्राइव/सीडी-रोम में उपलब्ध है। खंड I और खंड II के अतिरिक्त, "कारखाना क्षेत्र का सारांश परिणाम" को भी आसानी से समझने के लिए एएसआई 2022-23 परिणामों के आधार पर एक पृथक प्रकाशन के रूप में प्रकाशित किया गया है।

एएसआई परिणामों की कुछ प्रमुख विशेषताओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से कारखाना क्षेत्र संबंधी सारांश परिणाम को तैयार किया गया है और इसे एक पृथक प्रकाशन के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। सारांश परिणामों का उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तरों पर नियोजन का आकार, पूंजी निवेश, सकल आउटपुट और निवल वर्धित मूल्य जैसी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालने वाली विशेष सारणियों के माध्यम से एएसआई संबंधी निष्कर्षों को समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है। ये सारणियाँ क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक परिदृश्य को समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। "कारखाना क्षेत्र का सारांश परिणाम" को भी मंत्रालय की वेबसाइट (www.mospi.gov.in) पर अपलोड किया गया है।

एएसआई 2022-23 संबंधी इकाई स्तर डाटा मंत्रालय की वेबसाइट (https://www.mospi.gov.in) पर भी उपलब्ध है।